हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 26 फरवरी 2026

04 तेज रफ्तार बनी दर्दनाक मौत की वजह, दो घर...



07 छई-छप्पा-छई, छपाक-छई, सफाई नहीं होने...





## खबर संक्षेप

### निगम परिषद की बैठक 28 फरवरी को

**सागर।** नगर निगम परिषद का साधारण सम्मेलन 28 फरवरी शनिवार को दोपहर 12 बजे से निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, महापौर संगीता सुशील तिवारी, निगम आयुक्त राजकुमार खत्री,सभी पार्षदों एवं अधिकारियों कर्मचारियों की उपस्थिति में पुराने नगर निगम कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जावेगी जिसमें नगर विकास एवं सौंदर्यीकरण के विभिन्न विषयों पर विचार विमर्श उपरांत निर्णय लिए जाएंगे।

### खरीफ 2026 में अग्रिम खाद भंडारण हेतु किसान भाइयों से अपील

**सागर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सागर से संबद्ध 178 बी-पैक्स के माध्यम से सागर जिले में ऋण वितरण (खाद एवं नगद) की प्रक्रिया निरंतर जारी है। उर्वरक (खाद) का वितरण केवल रूपे कार्ड के माध्यम से ही किया जाएगा। आगामी खाद वितरण ई-विकास प्रणाली से किया जाना है। अतः किसान भाइयों से अनुरोध है कि वे एग्रीस्टेक में अपना पंजीयन अवश्य कराएं। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नीरज दुरेजा ने बताया कि आगामी खरीफ सीजन में अग्रिम भंडारण (01 फरवरी से 31 मई 2026 तक) के लिए सभी किसान भाई अपनी समिति की बकाया राशि शीघ्र जमा करें। जिन किसानों के रूपे कार्ड जारी नहीं हुए हैं, वे अपनी नजदीकी शाखा से तत्काल बनवाएं और बी-पैक्स से समय पर खाद प्राप्त कर संभावित परेशानियों से बचें। साथ ही, किसान भाई जिला सहकारी बैंक शाखा में स्थित अपने खातों को आधार से लिंक कराएं, जिससे डीबीटी योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त होने वाले लाभ सहकारी बैंक के माध्यम से सीधे प्राप्त हो सकें। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा सहकारी माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्राप्त करें। बी-पैक्स के सदस्य किसान भाइयों को खाद संबंधी किसी भी समस्या के समाधान हेतु हेल्पलाइन नंबर 8462001266 पर संपर्क करने की सुविधा उपलब्ध है। जिले के सभी किसान भाइयों से अपील है कि वे बकाया कालातीत एवं अकालातीत ऋणों का भुगतान कर नजदीकी जिले के सभी किसान भाइयों से अपील है कि वे बकाया कालातीत एवं अकालातीत ऋणों का भुगतान कर नजदीकीसमिति एवं शाखा से संपर्क करें, किसान क्रेडिट कार्ड अपडेट कराएं तथा रूपे कार्ड हेतु आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर उसे जारी कराएं, जिससे समय पर खाद भंडारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके।

**सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस, शिकायत के आधार पर एफआईआर होगी**

# खुरई अस्पताल से मेडिकल रिकॉर्ड लेकर फरार हुआ शराबी, ड्यूटी रूम से गायब हुआ रजिस्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई




सिविल अस्पताल से मंगलवार रात एक महत्वपूर्ण रजिस्टर चोरी हो गया। इस रजिस्टर में मारपीट के मामलों में पुलिस की ओर से कराई जाने वाली चिकित्सकीय जांच का पूरा विवरण दर्ज था। नशे में धुत व्यक्ति रजिस्टर लेकर फरार हो गया, जिससे पुलिस जांच प्रभावित होने की आशंका है। इस रजिस्टर में पुलिस की ओर जांच के लिए लाए गए आरोपियों की शारीरिक स्थिति की रिपोर्ट और फरियादियों की चोटों का विस्तृत विवरण दर्ज होता था। कई मामलों में कानूनी सबूत था। इसका गायब होना पुलिस जांच के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, एक व्यक्ति नशे की हालत में अस्पताल परिसर में घूम रहा था। वह ड्यूटी रूम नंबर 34 में रखा रजिस्टर लेकर भाग निकला। उस समय ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर सनिल जैन मरीजों को देखने के लिए वार्ड में गए थे। रजिस्टर चोरी होने की जानकारी मिलने पर अस्पताल प्रशासन में चिंता फैल गई। अस्पताल प्रबंधन ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही शहरी पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने अस्पताल स्टाफ से पूछताछ की और मामले की गंभीरता को देखते हुए रजिस्टर की तलाश शुरू कर दी।

पुलिस और अस्पताल प्रशासन अस्पताल परिसर और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रहे हैं। देर रात पुलिस को सूचना मिली कि संदेही संजय नामक व्यक्ति रजिस्टर ले गया है। पुलिस और अस्पताल के कर्मचारी रजिस्टर की खोजबीन में जुटे हुए हैं। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि इस रजिस्टर के बिना कई मामलों की जांच और रिपोर्टिंग प्रभावित हो सकती है।

वहीं पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही आरोपी को पकड़कर रजिस्टर बरामद कर लिया जाएगा। खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि यदि अस्पताल प्रबंधन इसकी शिकायत करता है तो उक्त व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# रहस मेला, लोकोत्सव 26 फरवरी से शुरू होगा, आज गढ़ाकोटा आएंगे मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सागर जिले के गढाकोटा में 3दिवसीय रहस लोकोत्सव का आयोजन 26, 27 एवं 28 फरवरी को आयोजित किया गया है। आज 11 बजे शहरी एवं ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत महिला स्व सहायता समूह का सम्मेलन तथा बुंदेलखंड स्तरीय किसान सम्मेलन होगा। 12 बजे मेला रहस में शामिल होकर मुख्यमंत्री मोहन यादव सम्मेलन को संबोधित करेंगे। रहली विधानसभा क्षेत्र स्तरीय हितग्राही सम्मेलन रहस मेले में शासन की कल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों के अंतर्गत नगर पालिका परिषद गढ़ाकोटा, रहली, शाहपुर एवं जनपद पंचायत रहली,सागर के हितग्राहियों को हित लाभवितरण एवं स्वीकृति पत्र वितरण तथा दिव्यांग एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें शिविर में दिव्यांगता परीक्षण उपरांत कान की मशीन, ट्रायसिकल



आदि सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे । तथा कृत्रिम अंग बनाए जाएंगे। शिविर में स्वास्थ्य संबंधी जांच निशुल्क की जाएगी। नई आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे।

### शनिवार को जिला स्तरीय रोजगार मेला तथा रहस लोकोत्सव समापन

रहस मेला के तीनों दिन शाम 6 बजे से मुंबई की आर्केस्ट्रा एवं डांस ग्रुप के द्वारा फिल्मी एवं विदेशी डांस प्रस्तुति एवं आगरा एवं झांसी से आए हुए डांस ग्रुप के द्वारा रंगा रंग प्रस्तुति होगी। रात 9 बजे से लोक गायक जित्तू खरे और उनकी कलाकार मंडली के साथ 101 नृत्यांगनाओं द्वारा प्रसिद्ध बुंदेलखंडी राई नृत्य की प्रस्तुति होगी। दिन के सभी कार्यक्रम 12 बजे से एवं शाम कालीन कार्यक्रम शाम 6 बजे से होंगे। मेले के तीनों दिन आयुष्मान कार्ड,संबल कार्ड,आधार कार्ड, कर्मकार मंडल के कार्ड बने जाएंगे। सभी प्रकार की पेंशनों की तुरंत स्वीकृत की जाएगी। गरीबी रेखा में नाम जोड़े जाएंगे । सभी हितग्राही मूलक योजनाओं के कार्य स्वीकृत किए जाएंगे।मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर आयोजक पूर्व मंत्री, विधायक पं गोपाल भार्गव ने मेला रहस प्रांगण पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर एसडीएम कुलदीप पाराशर, अभिषेक भार्गव, सीएमओ धनंजय गुमास्ता, शाहपुर सीएमओ बालकिशन पटेल, एसडीओ दिनेश रावत, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी, नपा अध्यक्ष रहली देवराज सोनी, शाहपुर अध्यक्ष देवराज सिंह लोधी मौजूद रहे।

## खुरई में बाइक फिसलने से जनपद अध्यक्ष घायल, पैर फ्रैक्चर, हाथ-पैर में आई चोटें



**खुरई।** मंगलवार रात खुरई के खैरा नाका के पास सड़क हादसे में जनपद पंचायत अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल 108 एम्बुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उनकी गंभीर हालत को देखते हुए सागर रेफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार, खुरई जनपद पंचायत अध्यक्ष जमना प्रसाद अहिरवार मंगलवार रात खुरई से अपने गांव खैरा जा रहे थे। शहर के रेलवे फाटक पार करने के बाद खैरा नाका पर उनकी बाइक अज्ञात कारणों से अनियंत्रित होकर गिर गई। इस हादसे में जमना प्रसाद अहिरवार को गंभीर चोटें आईं। उनके एक पैर में फ्रैक्चर हुआ है और हाथ-पैरों में भी कई जगह चोटें लगी हैं। दुर्घटना के बाद वह बोलने की स्थिति में नहीं थे।

## खुरई में आजीवन सहयोग निधि अभियान को मिला व्यापक समर्थन



**खुरई।** खुरई नगर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि 11 फरवरी से प्रारंभ आजीवन सहयोग निधि अभियान के अंतर्गत सहयोग राशि संग्रह का कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में युवा नेता अविराज सिंह के नेतृत्व में नगर में व्यापक जनसंपर्क कर दानदाताओं एवं सहयोगियों से सहयोग राशि एकत्रित की गई। उनके प्रयासों से खुरई नगर में लगभग 1.50 लाख रुपये के चेक एकत्र किए गए। सहयोग निधि संग्रह के दौरान खुरई भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष राहुल चौधरी, ग्रामीण अध्यक्ष रविंद्र सिंह राजपूत, काशीराम अहिरवार (टेलर), राम शास्त्री, ऋषभ राय, यश ठाकुर, बिट्टू ठाकुर, कपिल रैकवार, सुनील राज, आलोक कुशवाहा एवं अंकित यादव उपस्थित रहे। युवा नेता अविराज सिंह ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में प्रत्येक कार्यकर्ता एवं समर्थक की भूमिका महत्वपूर्ण है।

## कुलपति निवास में कचरा जलाकर प्रदूषण फैलाने पर नगर निगम ने जारी किया नोटिस

**सागर।** निगम आयुक्त के निर्देशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत शहर की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण को लेकर व्यापक स्तर पर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। निगम की टीम द्वारा वार्डों का भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण एवं आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। बुधवार को सिविल लाइन क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान कुलपति निवास परिसर में कचरा जलाकर प्रदूषण फैलाते पाए जाने पर कुलपति को नोटिस जारी करने की कार्रवाई की गई। स्वच्छता अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि सिविल लाइन स्थित कुलपति निवास पर कचरा जलाया जा रहा था, जिससे पर्यावरण प्रदूषण हो रहा है। यह कृत्य ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2016 का उल्लंघन है। नोटिस में उल्लेख किया गया है कि निर्धारित समयावधि में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत न करने की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने नागरिकों से अपील की है कि वे कचरा जलाने जैसी गतिविधियों से बचें तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों का पालन करते हुए शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने में सहयोग करें।

# कृषक कल्याण वर्ष 2026 अंतर्गत खंड स्तरीय कृषि बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत विकासखंड जैसीनगर में ई-विकास प्रणाली, धरती माता बचाओ अभियान, नरवाई प्रबंधन, सॉइल हेल्थ कार्ड तथा विभिन्न विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु खंड स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनपद अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह, जिला किसान मोर्चा संघ अध्यक्ष धीरज सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरनाम सिंह राजपूत, कृषि स्थायी समिति के सभापति सौरभ शुक्ला, किसान श्रमिक जनशक्ति यूनियन प्रदेश अध्यक्ष संदीप ठाकुर, जनपद सदस्य रामाधार सिंह तथा किसान मोर्चा उपाध्यक्ष रघुवीर सिंह सहित जनपद जैसीनगर के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला सहकारी बैंक सागर के प्रबंधक, मार्कफेड जैसीनगर, उर्वरक सहकारी समितियां जैसीनगर, रिछई, हीरापुर एवं सहजपुरी बुजुर्ग, उर्वरक-बीज-कीटनाशक विक्रेता, एफपीओ सोया समृद्धि जैसीनगर तथा उन्नतशील कृषक अंकित गौतम अगरिया, हरप्रसाद पटेल (कंकरकुइयां), देवेंद्र पांडे (बरखेड़ा जागीर), चतुर्भुज कुर्मी (करहद), उत्तम सिंह लोधी (शोभापुर), सुरेंद्र सिंह , हरिनारायण कुर्मी सहित लगभग 100 कृषक उपस्थित रहे।

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जैसीनगर एस के जैन ने कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सागर के आदेशानुसार भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत गेहूं एवं अन्य फसलों के डंठलों (नरवाई) में आग लगाने पर प्रतिबंध की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बिना स्ट्रा रीपर/स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम के कंबाइन हार्वेस्टर संचालन पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

नरवाई जलाने पर प्रिवेंशन एंड कंट्रोल ऑफ पॉल्यूशन एक्ट 1981 के अंतर्गत पर्यावरण क्षतिपूर्ति अर्थदंड का प्रावधान बताया गया, जिसके अनुसार 2 एकड़ से कम भूमि पर 2500, 5 एकड़ तक 5000, 5 एकड़ से अधिक भूमि पर 15000 प्रति घटना दंड देय होगा। बैठक में भूसा प्रबंधन प्रणाली, स्ट्रा रीपर, सुपर सीडर, प्राकृतिक खेती, धरती माता बचाओ अभियान एवं सॉइल हेल्थ कार्ड पर विस्तृत चर्चा की गई। कृषि विस्तार अधिकारी श्री रंजीत सिंह ठाकुर, दीपक कुमार ओसारी, अखिलेश पाटीदार, सुनील मुकाती, सत्येंद्र सिंह मौर्य, कमलेश कुर्मी, लैब टेक्नीशियन अनुज मिश्रा सहित कृषि विभाग का समस्त अमला उपस्थित रहा।




**जीवन कौशल और आशा निर्माण विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन**

# सफलता के लिए 'तुलना' नहीं, 'आत्मविश्वास' को चुनें: दिवाकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

मध्य प्रदेश शासन एवं उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार, शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर में स्थापित मानसिक स्वास्थ्य परामर्श केंद्र के तत्वावधान में 'जीवन कौशल और आशा निर्माण' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय के समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता (डीन) एवं वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ दिवाकर सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों को संबोधित किया।

विख्यात समाजशास्त्री तथा अधिष्ठाता प्रो दिवाकर राजपूत ने अपने ओजस्वी संबोधन में तनाव प्रबंधन और जीवन कौशल के व्यावहारिक सूत्रों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ₹आज के डिजिटल युग में विद्यार्थी सोशल मीडिया की आभासी दुनिया में दूसरों से अपनी तुलना कर अकारण तनाव पाल रहे हैं। हमें यह समझना होगा कि हर




व्यक्ति की परिस्थितियाँ भिन्न हैं। अपनी तुलना दूसरों से करने के बजाय स्वयं के कौशल और आत्मविश्वास पर ध्यान केंद्रित करना ही 'आशा निर्माण' की पहली सीढ़ी है।₹ उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल डिटॉक्स और स्क्रीन टाइम को संतुलित करने का आह्वान किया, ताकि वे मानसिक थकान और एकाग्रता की कमी जैसी समस्याओं से बच सकें। डॉ. राजपूत ने जोर दिया कि कठिन परिस्थितियों में 'आशा और सकारात्मकता' ही वह संबल हैं, जो हमें टूटने से बचाते हैं।

व्याख्यान के दौरान महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य डॉ. रंजना मिश्रा ने अध्यक्षता करते हुए मानसिक स्वास्थ्य को शैक्षणिक सफलता का आधार बताया। कार्यक्रम में मोबाइल और सोशल मीडिया के बढ़ते दुष्प्रभाव पर गहन मंथन हुआ। वक्ताओं ने बताया कि किस प्रकार विभिन्न ऐप्स विद्यार्थियों की निजी जानकारी एकत्र करते हैं और साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहना क्यों आवश्यक है। विद्यार्थियों को नोटिफिकेशन पर नियंत्रण और सीमित मोबाइल उपयोग के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई। महाविद्यालय प्रभारी डॉ. सुनील साहू ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को समय की मांग बताया। केंद्र की काउंसलर आस्था बानो ने विद्यार्थियों से सीधा संवाद कर उनकी शंकाओं का समाधान किया। मानसिक परामर्श केंद्र की नोडल अधिकारी रेणु सोलंकी ने केंद्र की गतिविधियों एवं विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध निशुल्क परामर्श सेवाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम का कुशल संचालन कार्यक्रम संयोजक अनुष्का राजे द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के संबंध में डॉ संदीप सबलोक ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में समिति सदस्य डॉ. ऋतु त्रिपाठी और डॉ. जयपाल सिंह राजपूत का विशेष सहयोग रहा अंत में विद्यार्थियों को नियमित दिनचर्या, पर्याप्त नींद और शारीरिक गतिविधियों को जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प दिलाया गया।

### आरटीओ कार्यालय के पास भीषण हादसा, एक महिला जूझ रही जिंदगी से

# तेज रफ्तार बनी दर्दनाक मौत की वजह, दो घर उजड़े, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर की सड़कों पर बेलगाम रफ्तार एक बार फिर तब जानलेवा साबित हुई जब मंगलवार की रात को अपने घर की ओर एक बाइक पर जा रहे एक पुरुष व दो महिलाएं भीषण हादसे का शिकार हो गईं। इस हादसे में एक महिला और एक पुरुष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक महिला जिंदगी और मौत के बीच झूल रही है। तेज रफ्तार कार की चपेट में आई बाईक की बजह से दो घर वर्वाद हो गये। मंगलवार देर रात मऊरानीपुर रोड पर आरटीओ कार्यालय के पास एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। कार चालक टक्कर मारकर फरार हो गया।

## शादी से लौटते वक्त टूटी सांसों की डोर

जानकारी के अनुसार बजरंग खेरा गांव निवासी 45 वर्षीय कुंजी रैकवार बाइक चला रहे थे। बाईक पर उनके साथ पीछे प्रेम बाई प्रजापति और एक अन्य महिला सवार थीं। तीनों एक शादी समारोह में खाना बनाकर वापस टीकमगढ़ अपने घर लौट रहे थे। लेकिन रात करीब साढ़े 10 बजे जैसे ही वे आरटीओ कार्यालय के पास पहुंचे तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार बलेनो



कार ने उनकी बाइक को सीधी टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और कुंजी रैकवार तथा प्रेम बाई प्रजापति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

## एक महिला अस्पताल में भर्ती हालत गंभीर

हादसे में घायल तीसरी महिला को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। मृतका प्रेमवाई प्रजापति के बेटे लखन प्रजापति ने बताया कि हादसे के बाद कार चालक रुकने की बजाय मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा कार्रवाई की। दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम किया गया। पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## रास्ते से गुजर रहीं भाजपा जिलाध्यक्ष बनीं रक्षक

इसी दौरान उसी रास्ते से भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत अपने कार्यकर्ताओं के साथ गुजर रही थीं। तभी सड़क पर डली बाइक और घायल लोगों को देखकर उन्होंने अपनी गाड़ी रुकवाई और घायलों की मदद करना शुरू किया। इसी दौरान प्रशासन को सूचित किया गया। देहात थाना प्रभारी एबं सीएमएचओ को फोन किया। जिसके बाद पुलिस बल और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची। लेकिन कुंजी रैकवार और प्रेमबाई की मौत हो गईं थी। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजपूत के साथ भाजपा के पूर्व जिला मंत्री आनंद सिंह ने अपने साथियों के साथ भी मौके घायल की मदद की। जिलाध्यक्ष राजपूत की ततपरता से एक जिंदगी बच गई। घायल महिला को तत्काल मौके पर ही शुरूआती जीवनरक्षक इलाज करके अस्पताल भेजा गया।



### दवा स्टॉक से इमरजेंसी तक जांच, मरीजों से लिया फीडबैक

# जिला अस्पताल में केंद्रीय दल ने खंगाले 18 विभाग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता परखने के लिए बुधवार को केंद्र से पहुंची तीन सदस्यीय विशेषज्ञ टीम ने व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। 18 प्रमुख विभागों का सत्यापन करते हुए दल ने दवाओं की उपलब्धता, स्टॉक रजिस्टर, एक्सपायरी डेट, रिकॉर्ड संधारण और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का मूल्यांकन किया। मूल्यांकन दल में डॉ. प्रकाश वैष्णव, डॉ. नवदीप गुप्ता और डॉ. खुशबू पंड्या शामिल रहे। टीम ने स्टोर रूम, दवा वितरण कक्ष और अन्य विभागों का निरीक्षण करते हुए उपलब्ध संसाधनों की वास्तविक स्थिति जानी।

विशेषज्ञों ने मरीज वार्ड, इमरजेंसी कक्ष, लैब, प्रसूति वार्ड और ओपीडी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मरीजों से सीधे बातचीत कर सुविधाओं और उपचार व्यवस्था पर फीडबैक भी लिया गया। अधिकारियों से स्टाफ की उपलब्धता, संसाधनों की स्थिति और सेवाओं की गुणवत्ता संबंधी जानकारी मांगी गई। टीम के सदस्यों ने संकेत दिया कि सभी बिंदुओं पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई तय होगी। निरीक्षण से पहले अस्पताल परिसर में एक रोचक दृश्य भी सामने आया। लंबे समय से बंद या आंशिक रूप से खुले रहने वाले तीन में से दो गेट टीम के आगमन से ठीक पहले खोल दिए गए। पुराने गेट को भी व्यवस्थित कर साफ-सुथरा किया गया। इससे व्यवस्थाओं की स्थायी बनाम अस्थायी तैयारियों पर सवाल उठने लगे हैं। जिला अस्पताल के सहायक प्रबंधक डॉ. अंकुर साहू ने बताया कि विशेषज्ञ दल कुल 18 विभागों का सत्यापन कर रहा है। सभी विभागों के कार्यों का मूल्यांकन कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जिला अस्पताल की सेवाओं को लेकर अक्सर उठते सवालों के बीच केंद्रीय दल का यह निरीक्षण अहम माना जा रहा है। अब सबकी निगाहें उस रिपोर्ट पर हैं, जो तय करेगी कि व्यवस्थाएं वाकई मानकों पर खरी उतरीं या सिर्फ निरीक्षण दिवस की तैयारी तक सीमित रहीं।



### पुलिस ने मामले को जांच में लिया

# नेकी की दीवार देर रात आग की लपटों में घिरी, कपड़े राख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

शहर में मानवता और सहयोग का प्रतीक बनी नेकी की दीवार मंगलवार देर रात आग की लपटों में घिर गई। सिविल लाइन रोड स्थित इस स्थल पर अज्ञात कारणों से लगी आग ने वहां रखे सभी कपड़ों को पल भर में राख कर दिया। विडंबना यह रही कि यह स्थल नगर पालिका सीएमओ के बंगले और फायर ब्रिगेड कार्यालय के ठीक बगल में स्थित है। लेकिन फिर भी किसी कुंठित मानसिकता के व्यक्ति द्वारा लगाई गई षड्यंत्र की आग का शिकार हो गया।

नेकी की दीवार स्थल पर जरूरतमंदो के लिए रखे कपड़ो में देर रात लगी आग की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद दमकल टीम को बुलाया गया, जिसने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक दान में रखे गए सभी कपड़े पूरी तरह जल चुके थे। नगर पालिका द्वारा जरूरतमंदों के लिए अनुपयोगी कपड़े दान करने के उद्देश्य से नेकी की दीवार का निर्माण कराया गया था। पिछले लगभग पांच वर्षों से शहरवासी यहां कपड़े दान कर रहे थे, जिससे असहाय और जरूरतमंद लोग लाभान्वित होते थे। लेकिन सवाल यह है कि इतने महत्वपूर्ण सामाजिक स्थल की सुरक्षा और देखरेख के लिए कोई कर्मचारी क्यों तैनात नहीं किया गया? क्या लापरवाही ने ही इस नेकी को राख में बदल दिया? कोतवाली पुलिस के अनुसार आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आग के वास्तविक कारणों का पता चल सके।

फिलहाल पुलिस ने मामले को जांच में ले लिया है। यह घटना सिर्फ आगजनी नहीं, बल्कि व्यवस्था पर उठता बड़ा सवाल है। जब फायर ब्रिगेड कार्यालय के ठीक पास स्थित स्थल सुरक्षित नहीं रह सका, तो शहर के अन्य सार्वजनिक स्थलों की सुरक्षा का क्या हाल होगा? नेकी की दीवार पर लगी आग ने न सिर्फ कपड़ों को जलाया, बल्कि प्रशासनिक व्यवस्था की लापरवाही को भी उजागर कर दिया है। अब देखना यह है कि उक्त लापरवाही को लेकर जिम्मेदारी तय होती है या यह मामला भी ठंडी राख में दबा दिया जायेगा।

### जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की समन्वय बैठक आयोजित

# जिले को नशा मुक्त करने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में नारकोटिक्स एवं अन्य नशीले पदार्थों की रोकथाम, अवैध तस्करी पर नियंत्रण तथा विभागीय समन्वय को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक 25 फरवरी को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई। उक्त बैठक की कलेक्टर विवेक श्रोतीय द्वारा अध्यक्षता की गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई उपस्थित रहे।

बैठक में जॉइंट कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी, विक्रम सिंह कुशवाहा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उपसंचालक कृषि, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला औषधि निरीक्षक, वाणिज्य कर अधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी, शासकीय अग्रणी महाविद्यालय के प्राचार्य ,थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रविभूषण पाठक,एनसीबी भोपाल के प्रतिनिधि उप निरीक्षक अमन पचौरी सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री, सिंथेटिक ड्रग्स के दुरुपयोग एवं युवाओं में नशे की प्रवृत्ति पर विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर विवेक श्रोतीय ने कहा कि नशा उन्मूलन केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी चुनौती भी है। उन्होंने सभी विभागों को जनजागरूकता, सामुदायिक सहभागिता एवं संस्थागत समन्वय के माध्यम से व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से शिक्षा संस्थानों, ग्राम स्तर की समितियों एवं स्वास्थ्य तंत्र की सक्रिय भूमिका पर बल देते हुए कहा कि समाज, प्रशासन और परिवार, ये तीनों के संयुक्त प्रयासों से ही नशा मुक्त टीकमगढ़ का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मादक पदार्थों की तस्करी एवं अवैध गतिविधियों के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की नीति अपनाई जाए।

हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान कर सतत निगरानी, प्रभावी कार्रवाई एवं एनडीपीएस प्रकरणों की नियमित समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने सभी विभागों को समन्वित रूप से कार्य करते हुए नशा उन्मूलन की दिशा में ठोस एवं परिणामोन्मुख प्रयास करने हेतु निर्देशित किया। पुलिस विभाग विभाग द्वारा अवैध मादक पदार्थों की जप्ती, एनडीपीएस प्रकरणों की समीक्षा, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान एवं निरंतर कार्रवाई की जाएगी। औषधि निरीक्षक द्वारा मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच, बिना चिकित्सकीय पर्चे के प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। राजस्व विभाग द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध मादक पदार्थों की खेती की निगरानी एवं रोकथाम की जाएगी। शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल कॉलेजों में एंटी-ड्रग कमेटी का गठन, नोडल अधिकारी नियुक्ति, परिसर के आसपास संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी एवं सीसीटीवी व्यवस्था सुदृढ़ की जाएगी। कृषि विभाग द्वारा संभावित प्रभावित क्षेत्रों में वैकल्पिक फसल एवं विकास कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जाएगा।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा नशीली दवाओं के दुष्प्रभावों पर जनजागरूकता अभियान एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से सतत संवाद किया जायेगा। आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब एवं अन्य नशीले पदार्थों की जांच, निर्माताओं विक्रेताओं पर कार्रवाई एवं जागरूकता कार्यक्रमों का संचालन किया जाएगा। बैठक के समापन पर पुलिस अधीक्षक मंडलोई एवं कलेक्टर श्रोत्रिय द्वारा नशे से प्रभावित ग्रामों की पहचान कर उन्हें गोद लेकर नशामुक्त बनाने हेतु समग्र कार्ययोजना तैयार करने पर बल दिया गया। समिति के सभी सदस्यों ने समन्वित प्रयासों के माध्यम से नशा मुक्त टीकमगढ़ के लक्ष्य को प्राप्त करने का संकल्प व्यक्त किया।

### कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को सिखाया अनुशासन

# कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा व सम्मान के लिए किया जाएगा हर संभव प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



स्थानीय भाजपा कार्यालय पर प्रशिक्षण महाअभियान की बैठक हुई। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के निमित्त जिला कार्यशाला संपन्न हुई, जिसमें मुख्य रूप से मंच पर भाजपा जिला संगठन प्रभारी पुष्पेंद्रनाथ गुड्डन पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत,संभाग प्रशिक्षक टोली सदस्य जाहर सिंह व सदानंद गौतम, जिला महामंत्री मनोज देवलिया, इंजी अभय यादव व अश्वनी चढ़ार , प्रशिक्षण जिला प्रभारी जिनेंद्र धुवारा, सह प्रभारी कार्यक्रम आशुतोष भट्ट व विभा श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में भाजपा जिला संगठन प्रभारी पुष्पेंद्रनाथ गुड्डन पाठक ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा समय समय पर राष्ट्र हित के प्रति समर्पित भाव को जागृत करने के उद्देश्य से पार्टी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण दिया जाता है, जिसमें आप पार्टी में निस्वार्थ भाव के साथ जनता के हितों को आगे रखकर कार्य करते हैं। संभागीय प्रशिक्षण कार्यक्रम टोली प्रभारी जाहर सिंह ने कहा कि भाजपा संगठन में हमें छोटे से छोटे कार्यकर्ता का ध्यान रखना है, कभी मन में पदाधिकारी का भाव रखकर हमें स्वार्थी होकर आगे नहीं बढ़ना है। प्रशिक्षण वर्ग में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, स्वदेशी विषय रखें। संभागीय प्रशिक्षण टोली सदस्य सदानंद गौतम ने कहा कि संगठन अपनी विचारधारा को बढ़ाने का कार्य अगली पीढ़ी में करती है और भारतीय संस्कृति को संजोए रखना उसकी प्राथमिकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष सरोज राजपूत ने कहा कि भाजपा संगठन में कार्यकर्ता अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है जो राष्ट्र भावना को प्राथमिकता देने का कार्य पार्टी संगठन में रहकर करता हैं, उसी उद्देश्यों को पारदर्शिता के लिए भाजपा संगठन पं दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यक्रम करता है। कार्यकर्ताओं के हितों की रक्षा व उचित सम्मान के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम जिला प्रभारी जिनेंद्र धुवारा ने कहा कि भाजपा संगठन द्वारा दिन भर में सात विषय में रखकर मंडल प्रशिक्षण मंडलों के स्थानों पर मुख्य वक्ताओं की उपस्थिति में मंडल प्रशिक्षण 11 मार्च से 14 अप्रैल तक किया जाएगा वहीं जिला प्रशिक्षण 14 अप्रैल से 14 मई बीच में जिला मुख्यालय पर वरिष्ठ वक्ताओं के बीच किया जाएगा। उक्त जिला कार्यशाला में जिला उपाध्यक्ष विकास यादव, प्रजातंत्र गंगेले व अंकित तोमर, जिला मंत्री पुष्पा यादव, मीरा खरे, सुखवती आदिवासी, अरविंद रैकवार, भजनलाल कुशवाहा, जिला कोषाध्यक्ष विवेक अग्रवाल व सह कोषाध्यक्ष प्रशांत जैन, जिला कार्यलय मंत्री शिवचरण उटमालिया, सह कार्यालय मंत्री आदित्य राजा परमार व संध्या सोनी, मंडल अध्यक्ष नरेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## चार पहिया वाहन की टक्कर से दो घायल

**ललितपुर।** कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार चार पहिया वाहन की टक्कर से दो युवक घायल हो गए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मध्य प्रदेश के जिला टीकमगढ़ अंतर्गत रहने वाले कुंजीलाल कुशवाहा ने कोतवाली ललितपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 21 फरवरी 2026 की शाम करीब 7 बजे उनका पुत्र राजाराम कुशवाहा अपने साथी सतेंद्र के साथ मोटरसाइकिल (नं. यू.पी.94 ए.एफ. 3612) से महरौनी की ओर जा रहा था। आरोप है कि जैसे ही वे पटसेमरा तिराहे के पास पहुंचे, तभी तेज गति से आ रहे चार पहिया वाहन (नं. यू.पी. 94 डब्ल्यु 4555) ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजाराम और सतेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल ललितपुर में भर्ती कराया गया, जहां जांच में राजाराम के पैर में दो जगह फ्रैक्चर पाया गया और उसे रेफर कर दिया।

### जनभागीदारी समिति बैठक आयोजित कर दिए निर्देश, योजनाओं की दी जानकारी

# पॉलिटेक्निक कॉलेज को उत्कृष्ट बनाने कलेक्टर ने बैठक कर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

हर युवा को तकनीकी शिक्षा का अवसर मिले। पॉलिटेक्निक में शत-प्रतिशत प्रवेश का लक्ष्य निर्धारित हो। जनभागीदारी से शासकीय पॉलिटेक्निक के विकास को नई रफ्तार दी जाए। छात्रवृत्ति, प्लेसमेंट और आधुनिक लैब का लाभ छात्रों को मिले। तकनीकी शिक्षा को आत्मनिर्भरता का आधार बनाने की दिशा में निर्णायक कदम उठाए जाएं। मेधावी बेटियों और दिव्यांग विद्यार्थियों को मिलेगा आर्थिक संबल मिले। जिसके लिए छात्रवृत्ति योजनाओं पर विशेष फोकस किया जाए। पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में उक्त उद्देश्यों की पूर्ति के लिए कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने पहल करते हुए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अपनी अध्यक्षता में जनभागीदारी समिति की बैठक कर मंथन किया। जिससे पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों को उत्कृष्टता की ओर ले जाने का संकल्प पूर्ण हो सके।

## युवाओं को गुणवत्तापूर्ण व रोजगारोन्मुखी शिक्षा देना प्राथमिकता

बैठक में कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में संचालित पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों में शत-प्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार और छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने की ठोस कार्ययोजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि तकनीकी शिक्षा आज आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है, ऐसे में युवाओं को गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुखी शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इस लक्ष्य को आवश्यक रूप से साधना है।



## विकास कार्यों और अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण पर जोर

बैठक में महाविद्यालय के विकास कार्यों, अधोसंरचना सुदृढ़ीकरण, प्रयोगशालाओं के आधुनिकीकरण, प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट गतिविधियों तथा विभिन्न डिप्लोमा पाठ्यक्रमों की उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की गई। उद्योगों से समन्वय बढ़ाकर विद्यार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं रोजगार अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया गया। जनप्रतिनिधियों एवं उद्योग प्रतिनिधियों ने सुझाव दिए कि कोर ब्रांच सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल आदि में अध्ययनरत विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़ा जाए, जिससे स्थानीय स्तर पर भी कुशल मानव संसाधन तैयार हो सके।

## छात्रवृत्ति योजनाओं की दी गई विस्तृत जानकारी

बैठक में केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा संचालित छात्रवृत्ति योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया, ताकि अधिकाधिक विद्यार्थी इनका लाभ उठा सकें। इस दौरान प्रगति छात्रवृत्ति योजना के बारे में जानकारी दी गई। तकनीकी शिक्षा में अध्ययनरत मेधावी छात्राओं के लिए संचालित इस योजना के अंतर्गत पात्र छात्राओं को प्रतिवर्ष 50 हजार रुपये की सहायता प्रदान की जाती है। सक्षम योजना दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संचालित योजना है जिसके तहत प्रतिवर्ष 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। यशस्वी योजना कोर ब्रांच में प्रवेश लेने वाले मेधावी विद्यार्थियों के लिए है इस योजना में विद्यार्थियों को 30 हजार रुपये राशि का प्रोत्साहन दिया जाता है। स्वनाथ योजना में विशेष परिस्थितियों से प्रभावित अथवा अनाथ विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 50 हजार रुपये की सहायता दी जाती है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अन्य पात्र वर्गों के विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस, परीक्षा शुल्क एवं अनुरक्षण भत्ता प्रदान किया जाता है।

अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं प्रतिभावान विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से वंचित न रहने देना है। बैठक में जनभागीदारी समिति के विभिन्न प्रस्तावों पर विस्तृत चर्चा के बाद सर्वसम्मति से अनुमोदन प्रदान किया गया। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने संस्था के सर्वांगीण विकास हेतु हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि विवेक चतुर्वेदी, विधायक प्रतिनिधि वीरेन्द्र सिंह परमार, उद्योग प्रतिनिधि राजेश बड़कुल, आरजीपीवी प्रतिनिधि प्राचार्य पॉलिटेक्निक महाविद्यालय नौगांव, महाविद्यालय के प्राचार्य सचिव, जनभागीदारी समिति सहित छात्र प्रतिनिधि एवं अभिभावक प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक मूल संदेश यह रहा कि तकनीकी शिक्षा ही भविष्य की कुंजी है। हर युवा को तकनीकी शिक्षा का अवसर मिले। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के संयुक्त प्रयास से जिले के पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों को उत्कृष्टता की दिशा में आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया गया।

## फिर खुली नगरपालिका परिषद के स्वच्छता अभियान की पोल

# छई-छप्पा-छई, छपाक-छई, सफाई नहीं होने से सड़क बन गई नाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

छई-छप्पा-छई, छपाक-छई जैसा माहौल बुधवार को शहर के सबसे व्यस्त बाजारों में शामिल चूड़ी मार्केट और सब्जी मंडी का रहा यहां नाला सफाई नहीं होने से दिन भर पानी भरा रहा जहां से अधिकतर लोग मजबूरी में गंदे पानी से होकर निकले वहीं कुछ शरारती बच्चे खेल खेलते सड़कों पे जमा पानी के छींटे उलीचते निकले जिन्होंने दुकानदारों ओर लोगों के कपड़ों को गंदा करने का काम किया।

बुधवार को चूड़ी मार्केट के दुकानदार जब अपनी दुकानों को खोलने पहुंचे तो उन्हें मार्केट में सड़क पर पानी भरा मिला। यह जल भराव की स्थिति चूड़ी मार्केट से सब्जी मंडी की ओर जाने वाले नाले के चौक होने के कारण निर्मित हुई। सड़क पर इतना पानी भर गया कि लोगों का आना-जाना बंद हो गया दुकानदार तो जैसे तैसे कर दुकानों पर पहुंच गए और दुकान खोलकर सजा भी ली लेकिन सड़क पर पानी भरा होने के कारण ग्राहक दुकानों तक नहीं पहुंच सके। इस समय रमजान ईद और होली के त्यौहार की खरीदारी मार्केट में चल रही है और इस बीच जल भराव से लोगों के साथ-साथ दुकानदारों को भी परेशानी उठाना पड़ी। यही हाल सब्जी मंडी का रहा यहां पर भी दिनभर सड़क पर पानी भरा रहा सब्जियां खरीदने आने वाले लोगों जिनमें अधिकतर महिलाएं शामिल थी को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा जिनसे उनकी साड़ी-कपड़े गंदे पानी से खराब हो गए पर सब्जियां खरीदना जरूरी थी सो मजबूरी में सब्जियां खरीदी। लोगों का कहना है कि अभी बारिश भी नहीं हुई है और बिन बारिश के ही जिस तरह से पानी सड़कों पर भरा उससे नगर पालिका की सफाई व्यवस्था की पोल जरूर खुल गई।



### नपाकर्मी और दुकानदार दोनों ने लगाए एक दूसरे पर आरोप

चूड़ी मार्केट और सब्जी मंडी में पानी भर जाने से दिनभर परेशानी का आलम रहा हालांकि नगर पालिका ने दोपहर 2:00 बजे तक पहले चूड़ी मार्केट और उसके बाद सब्जी मंडी के नाले से रुके पानी की निकासी कर दी पर गीला और कीचड़ दिन भर रहने की वजह से लोगों को परेशानी आती रही। इस मामले में जहां दुकानदार नगर पालिका द्वारा सफाई में लापरवाही बरतने का आरोप लगाते दिखे वहीं नगर पालिका के कर्मचारी दुकानदारों पर ही दोषारोपण करते दिखे। नपा कर्मियों का कहना है कि दुकानदार दिन भर की जाने वाली ग्राहकी के बाद रात को दुकान बंद करते समय जो अवशेष कागज, पन्नी इत्यादि बचे हुए वहीं सड़क पर फेंक जाते हैं और वह नालियों के माध्यम से नलों में जाकर फंस जाते हैं जिससे जल भराव की स्थिति निर्मित हो जाती है। जबकि दुकानदारों का कहना है कि नगर पालिका ने नाले साफ नहीं किया जिस कारण इस तरह की समस्या उत्पन्न हो रही है।

### सड़क पर न फेंकें कचरा

हर तीसरे चौथे दिन सब्जी मंडी वाला नाला जाम हो जाता है। जिसके कारण पानी नाली से ओवरफ्लो होकर सड़क पर बहने लगता है दुकानदार खुद मेहनत कर पानी को निकलते हैं यही हाल चूड़ी मार्केट का भी हो रहा है नगर पालिका नालों की सफाई नहीं कर रही है जिस कारण यह स्थिति निर्मित हो रही है।

**राजू सोनी**
**सर्राफा व्यवसाई**

दुकानदारों को कई बार समझाइश दी जा चुकी है कि वह अपना बचा हुआ कचरा सड़क पर न फेंके यह कचरा नालों में जाकर उसे जाम कर देता है जिसके कारण हर दो-तीन दिन में जलभराव की स्थिति निर्मित हो रही है ऐसे लापरवाह दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

**अरविंद पाराशर**
**स्वास्थ्य अधिकारी नपा श्योपुर**

## त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

# हर्षोल्लास से मनाएं होली का त्योहार होलिका दहन में रखें पेड़ों का ख्याल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



रंगो का त्योहार होली हर्षोल्लास के साथ मनाए लेकिन होलिका दहन में पेड़ ओर पर्यावरण का ख्याल रखे। यह नसीहत कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई शांति समिति की बैठक में मौजूद लोगों को होली की एडवांस शुभकामनाएं देते हुए कही। इस दौरान होली को लेकर शांति समिति की बैठक में व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा हुई।

कलेक्टर अर्पित वर्मा ने कहा है कि होली का त्यौहार हर्षोल्लास और सद्भावनापूर्ण तरीके से मनायें पर पर्यावरण का ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि होली जलाने के लिए किसी हरे भरे पेड़ को न काटा जाए वन विभाग के डिपो से सूखी लकड़ियां खरीद कर होली जलाई जाए इसकी व्यवस्था वन विभाग आपको 1819 रुपए में एक चट्टा लकड़ियां उपलब करा देना। उन्होने कहा कि श्योपुर की सौहार्दपूर्ण वातावरण में सभी त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाये जाने की प्राचीन परम्परा के अनुरूप त्यौहार मनायें। इस दौरान उन्होंने ने बिजली विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिये कि त्यौहार के मद्देनजर बिजली की आपूर्ति बाधित न हों तथा 02 मार्च को होलिका दहन से पूर्व यह देख ले कि ऊपर बिजली के तार तो नही है यदि ऐसे स्थान है जहां विद्युत तार प्रभावित हो सकते है तो पूर्व से ही तारो की सुरक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाये। इसी प्रकार शांति समिति के सदस्यों से भी अपील की कि होलिका दहन से पूर्व यह देख ले कि ऊपर बिजली के तार तो नही है, होलिका दहन पर इसका ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार होली खेलने वाले दिन शुष्क दिवस घोषित रहेगा। उन्होने अपील की कि होली के दिन नुकसान पहुंचाने वाले रंगो का उपयोग न करें, अच्छी क्वालिटी वाले रंगो का इस्तेमाल किया जाये तथा सुरक्षित रूप से उंमग और उत्साह के साथ होली पर्व मनाये। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल ने कहा कि परम्परागत स्थानो पर होलिका दहन किया जाये। होली पर्व को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये जायेगें। उन्होने कहा कि सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जायेगी तथा अवांछित पोस्ट डालने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर शांति समिति के सदस्यों द्वारा भी उपयोगी सुझाव दिये गये। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी, डीएफओ केएस रंधा, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मांगीलाल फौजी, शहर काजी अतीक उल्लाह कुरैशी, सुमित सिंहल, मिथलेश तोमर, गिर्राज चौधरी, समाजसेवी मोहमद चीनी कुरैशी, सरपंच बडा इमामबाडा बुन्दु खा आदि मौजूद रहे।

## तुलसेफ में हुई किसान महा पंचायत,आंदोलन के लिए बनी रणनीति

# चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना को लेकर फिर आंदोलित हो रहे किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

35 गांव में नहर निकासी के लिए 167 करोड रुपए खर्च कर बनाई गई चंबल सूक्ष्म सिंचाई परियोजना अब शासन के गले का फांस बनती दिखाई पड़ रही है। इस मामले को प्रशासन जितना अधिक हैंडल करने का प्रयास करता है उतना ही अधिक यह मामला बिगड़ जाता है। कई बार किसानों और परियोजना का निर्माण करने वाली एजेंसी एवं सिंचाई विभाग के साथ प्रशासन द्वारा कराई गई संयुक्त बैठक के बाद भी समस्या का हल नहीं निकल सका है। परियोजना से जुड़े अधिकारी जहां परियोजना को सफल बता रहे हैं वही किसान इसे पूरी तरह विफल बताते हुए इसे सरकारी पैसे का दुरुपयोग करना निरूपित कर रहे हैं। बार बार आश्वासन मिलने के बाद भी प्रशासन द्वारा समस्या का निराकरण नहीं कराने से नाराज़ 35 गांव के किसान बुधवार को तुलसेफ गांव में चिंतन मनन करने के लिए जुटे। इस किसान महा पंचायत में 12 मार्च से जिला मुख्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिए जाने का संकल्प भी पारित किया गया।

तुलसेफ गांव में आयोजित हुई किसान पंचायत में इस बात पर चिंता जताई गई कि 2 साल पहले जिस परियोजना को 167 करोड रुपए खर्च कर सफल निरूपित करने का प्रयास किया जा रहा है उससे किसानों को कोई लाभ नहीं हो रहा है इस परियोजना में उपकरण इतने घटिया लगाए गए हैं कि नहर में पानी छोड़ते ही पाइप जगह जगह से लीकेज हो जाते हैं जिन खेतों में पानी आना चाहिए उनमें आता नहीं है और बीच से पाइपलाइन खुल कर खेतों को तालाब बनाकर बर्बाद कर देती है। इस संबंध में प्रशासन ने कई बार बैठक कराकर किसानों के बीच ट्रायल करने की बात कही थी लेकिन जल संसाधन विभाग और निर्माण एजेंसी किसानों के समक्ष ट्रायल नहीं करा रही है जिससे उसकी मंशा साफ जाहिर होती है कि वह उपयोगिता प्रमाण पत्र लेकर रुपए हड़पने चाहती है इस काम में प्रशासन अभी तक सिर्फ आश्वासन देकर टालमटोल करता आया है प्रशासन द्वारा लगातार की जाने वाली वादा खिलाफी से अब किसान परेशान हो गया हैं अब वह उसी तरह अनिश्चितकालीन धरना शुरू करेंगे जिस तरह उन्होंने इस परियोजना को स्वीकृत कराने को लेकर किया था। इस दौरान किसान संघर्ष समिति का पुनर्गठन किया गया जिसमें पटेल रामस्वरूप मीणा तुलसेफ को अध्यक्ष बनाया गया है।

# कर्मचारी कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष हाडा का निधन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



श्योपुर जिला अस्पताल में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाले सेवा निवृत कर्मचारी एवं कर्मचारी कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह हाडा का बुधवार की सुबह निधन हो गया। वे कुछ समय से बीमार चल रहे थे। परिजनों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को जिला मुख्यालय के बड़ौदा रोड स्थित मुक्तिधाम पर किया जाएगा। उनकी अंतिम यात्रा उनके निज निवास विकास नगर से सुबह 8:00 बजे रवाना होगी।

# दिवंगत एएसआई की पत्नी को दिया 10 लाख की सहायता राशि का चेक




श्योपुर। पुलिस विभाग के दिवंगत कार्यवाहक एएसआई मुलायम सिंह तोमर की पत्नी शांतिदेवी को पुलिस सैलरी पैकेज के तहत सामान्य मृत्यु पर बीमा सहायता राशि 10 लाख रूपए का चैक बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में दिया गया। इस अवसर पर वेतन शाखा प्रभारी विक्रम सिंह, भारतीय स्टेट बैंक स्टेशन रोड, श्योपुर के मुख्य शाखा प्रबंधक राजीव वर्मा, क्षेत्र अधिकारी मुनेन्द्र सिंह परमार, प्रेमचंद मीणा आदि उपस्थित थे।

## मंडी प्रशासन की आयुक्त के निर्देश पर कार्रवाई

# मंडी में किसानों के लिए बनाए गए शेड में भरे मिले बोरे कबाड़ हटाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



बुधवार को मंडी प्रशासन ने कृषि उपज मंडी जेदा में किसानों की फसल को बारिश से बचाने के उद्देश्य से बनाए गए शेडो का ओचक निरीक्षण किया जिसमें कई शेडो में व्यापारियों के खाली बोरों के बंडल ओर दूसरा सामान पड़ा मिला जिसे मंडी प्रशासन ने खाली कराकर दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी। मंडी प्रशासन की यह कार्रवाई आयुक्त सह प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल के निर्देश पर की गई।

मंडी सचिव साकेत के नेतृत्व में की गई छापामार कार्रवाई में एक दर्जन के करीब शेडो में व्यापारियों का सामान रखा मिला। विगत दिनों कुछ किसानों ने इसकी शिकायत आयुक्त सह प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल से की थी। इस पर संज्ञान लेते हुए मंडी प्रशासन ने बुधवार को कई शेड खाली करवाए। इस दौरान मंडी प्रशासन ने मुनादी कराई जिसमें आयुक्त मंडी बोर्ड, कलेक्टर अर्पित वर्माश्रीमान अनुविभागीय एसडीएम सह-भारसाधक अधिकारी (मंडी) गगन मीणा के माध्यम से चेतावनी दी गई कि मंडी प्रागंण परिसर में निर्मित शेडो चबूतरो में अवैध रूप से रखे हुयें कृषि उपजो के बोरो/बारदानो के बंडल को हटाया जाकर खाली किया जाए अन्यथा संबंधित फर्म के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस छापामार कार्यवाही के दौरान सीमा कौशल मंडी निरीक्षक, कीर्ति कस्तदार सउनि, अनिल दोहरे सउनि, दीपेन्द्र कुमार सउनि, श्रीनिवासी त्यागी सउनि, बल्लू जाटव सउनि, दुष्यंत वर्मा सउनि प्रागंण प्रभारी एवं नरेश शर्मा सउनि सहायक प्रभारी, रामरतन जगनेरी स ग्रे.02, संजेश चतुर्वेदी स.ग्र.02 नीलाम प्रभारी इत्यादि उपस्थित रहे ।

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए नियमित रूप से कोर्ट लगाएं: अर्पित



श्योपुर। सभी राजस्व अधिकारी अपने-अपने न्यायालयों में नियमित रूप से बैठे तथा राजस्व प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें, उन्होने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी नामांतरण, सीमांकन, बटवारा प्रकरणों का निराकरण समय सीमा में करें। यह निर्देश कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक के दौरान दिए। बैठक में अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन एवं विजय शाक्य सहित सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार उपस्थित थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने अविवादित नामांतरण प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि गोरस वृत्त में सबसे कम 81.91 प्रतिशत निराकरण है, मानपुर वृत्त में सर्वाधित 93.33 प्रतिशत निराकरण है। उन्होने कहा कि सभी राजस्व अधिकारी नामांतरण प्रकरणों का शत प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अविवादित बटवारा प्रकरणों की समीक्षा में पाया गया कि पहेला का निराकरण प्रतिशत 59.46 तथा गोरस एवं रघुनाथपुर का 100 प्रतिशत है। इसी प्रकार सीमांकन का कुल निराकरण प्रतिशत 98.86 पाया गया, बडौदा, विजयपुर, प्रेमसर, वीरपुर, अगरा, मानपुर, रघुनाथपुर में शत प्रतिशत निराकरण पाया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिये कि पूर्व में सभी तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों को अपने-अपने क्षेत्र में अतिक्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये थे, जिन तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदारों द्वारा अतिक्रमण की रिपोर्ट प्रस्तुत नही की गई है, उनके विरूद्ध एक-एक वेतनवृद्धि रोके जाने हेतु नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने निर्देश दिये कि राजस्व वसूली को बढाया जायें, वर्तमान में अभी तक 4 करोड 58 लाख 31 हजार 730 रूपये की वसूली हुई है। इसके साथ ही फसल गिरदावरी का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश भी दिये।



### आयुष्मान योजना अंतर्गत जिले में हुआ पहला ऑपरेशन

श्योपुर। आयुष्मान भारत निरामयम योजना अंतर्गत बनाये गये आयुष्मान कार्ड के माध्यम से आम लोगों को 5 लाख रूपये तक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसका लाभ श्योपुर के लोगों को मिल रहा है। इस योजना के तहत आयुष्मान कार्डधारी व्यक्ति विभिन्न अस्पतालो में अपना उपचार निशुल्क करा सकते है। इसके लिए किसी प्रकार का शुल्क देना नही होता है। इस योजना में सरकारी के साथ ही निजी क्षेत्र के अस्पताल भी शामिल है। स्वास्थ्य विभाग की सूची में आयुष्मान योजना अंतर्गत निशुल्क उपचार के लिए श्योपुर जिला स्तर पर जीवन ज्योति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल श्योपुर भी शामिल है। इस हॉस्पीटल में योजना के तहत पहला ऑपरेशन सफल रूप से किया गया है। सीएमएचओ डॉ दिलीप सिंह सिकरवार ने बताया कि नरेन्द्र पुत्र रमेश निवासी ग्राम माकडोद मानपुर के कुल्हे का सफल प्रत्यरोपण जिला स्तर पर किया गया है। ऑपरेशन डॉ कृपा शंकर मिश्रा द्वारा किया गया। योजना के तहत संपूर्ण उपचार आयुष्मान कार्ड के माध्यम से निशुल्क हुआ है। आयुष्मान योजना अंतर्गत कोर्डिनेटर धर्मवीर रावत का विशेष सहयोग रहा।

### बस ऑपरेटरों ने ज्ञापन सौंपकर दिया हड़ताल पर जाने का अल्टीमेटम



श्योपुर। जिले के बस ऑपरेटरों ने बुधवार को अपनी विभिन्न मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर संजय जैन को सौंपा और मांगे पूरी न किए जाने पर 2 मार्च से अनिश्चितकालीन हडताल पर जाने का अल्टीमेटम दे दिया है। इस हडताल के चलते यात्रियों का परेशान होना लाजमी है। बस ऑपरेटर यूनियन श्योपुर के अध्यक्ष सोनू चौधरी की अगुवाई में बस ऑपरेटरों ने दिए ज्ञापन में उल्लेख किया है कि स्टेज कैरिज बसो के संचालन के लिए शासन की ओर से जो नीति बनाई गई है,वह नीति दमनकारी है। जिससे श्योपुर जिले ही अपितु पूरे प्रदेश के बस मालिक आहत है। ज्ञापन में मांग की गई है कि इसलिए दमनकारी नीति को लागू न करते हुए पहले से बस संचालन की जो व्यवस्था थी,उसे ही लागू रहने दिया जाए।

## विजयपुर विधायक मल्होत्रा ने विधानसभा में उठाया वन ग्राम का मुद्दा

# विधायक ने कहा-वनग्राम होने से लाभ से वंचित रह गए ग्रामीण, सीएम बोले-श्योपुर जिले में कोई वनग्राम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।




विजयपुर क्षेत्र के कांग्रेस विधायक मुकेश मल्होत्रा ने विधानसभा में वन ग्राम का मुद्दा उठाते हुए प्रश्न लगाया है कि श्योपुर जिले में मौजूद वन ग्रामों को सरकार कब तक राजस्व ग्राम घोषित करेगी। विधायक के इस सवाल का विधानसभा में खुद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जवाब देते हुए स्थिति को साफ कर दिया है कि श्योपुर जिले में वर्तमान में कोई वन ग्राम नहीं है। ऐसे में शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के किसी भी जरूरतमंद के वंचित होने का प्रश्न ही नहीं उठता।

बता दे कि विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के जंगली क्षेत्र में मौजूद कई ग्राम वन ग्राम के दायरे में आते थे। जिसकारण इन गांव के लोगो को शासन की योजनाओं का लाभ देने में कई अडंगे आडे आते थे। इसलिए क्षेत्र के लोग इन ग्रामों के वन ग्राम घोषित किए जाने की मांग उठा रहे थे। खुद सीएम डॉ मोहन यादव के अलावा निवर्तमान सीएम शिवराज सिंह चौहान भी श्योपुर जिले के वन ग्रामों को राजस्व गांव घोषित किए जाने की घोषणा कर चुके है। इसलिए विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने इस मामले को विधानसभा उठाते हुए प्रश्न पूछा है कि क्या मुख्यमंत्री महोदय यह बताने कि कृपा करेंगे कि वर्ष 2018-2024 में तत्कालीन मुख्यमंत्री महोदय और वर्तमान मुख्यमंत्री महोदय द्वारा विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के दौरा कार्यक्रम के के दौरान घोषणा की थी कि श्योपुर जिले के वन ग्रामों, ग्राम गोरस,पिपरानी,कर्राई, बुढेरा, पातालगढ़, डाबली, अजनोई, झरेर, भेला, भीमलत, कलमी, ककरधा, पनार, खाडी, खूटंगा, कोटका, डोकर का मानी का कुंड लुहारी कुरकुटा, खैरी, दाती, बील डबरा, चक्ररामपुरा, पटोंदा, करियादेह सोंधनी, आदि ग्रामो को वन ग्रामो से राजस्व गांव घोषित किया जाएगा। इन ग्रामों के अलावा करीब 50 गांवो के ग्रामीण आज भी वन ग्राम होने से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित है। मप्र सरकार श्योपुर जिले के वन ग्रामो को कब तक राजस्व गांव घोषित करेगी। इसकी समय सीमा बताई जाए। विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विधायक मल्होत्रा के इस सवाल का जबाव दिया कि प्रश्न में वर्णित 18 वन ग्रामो को मप्र शासन वन विभाग की अधिसूचना क्रमांक 3263-62 दिनांक 26.04.1962 से प्रबंधन हेतु राजस्व विभाग को हस्तांतरित किया गया है। शेर्ष 07 ग्राम राजस्व ग्राम है। वर्तमान में श्योपुर जिले में वन विभाग के प्रबंधन में कोई वन ग्राम नहीं है। इसलिए वन ग्राम के लोगों का शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित होने का सवाल ही नहीं उठता है। इसके अलावा विधायक मल्होत्रा ने वन विभाग के द्वारा गरीब लोगों की झोपडियों को तोडने,आग लगाए जाने तथा आदिवासियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने का मामला भी विधानसभा उठाया।

### जंडेल ने उठाया जसवंत को जिलाबदर करने का मामला

श्योपुर विधायक बाबू जंडेल ने किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष जसवंत बछेरी के खिलाफ कलेक्टर न्यायालय में विचाराधीन जिलाबदर किए जाने संबंधी मामले को विधानसभा में उठाते हुए सवाल पूछा है कि किसानों के हित में धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने वाले किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जसवंत के खिलाफ ऐसे कितने गंभीर अपराध दर्ज हो गए कि उनके खिलाफ जिला बदर किए जाने की कार्रवाई प्रस्तावित कर दी गई है। जंडेल के इस सवाल का मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जवाब देते हुए कहा जसवंत मीणा के खिलाफ सम्पति को नुकसान पहुंचाना,जनता को उकसाकर धरना प्रदर्शन करना, मुख्य रास्तों पर चक्काजाम करना, आमजन को बंद एवं धरना के लिए विवश करना,शासन के आदेशो का उल्लंघन करना जैसे विधि विरूद्ध कृत्य करने से अपराध दर्ज किए गए है। इसलिए जिला निर्वासन की कार्रवाई की गई है।

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरिया राय निवासी लालजी राम चंदेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी फूल सिंह और भूरा चंदेल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ईसागढ निवासी प्रवेन्द्र लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी भारतेन्द लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के नईसरायं थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमरौद सिंगराना निवासी कमलेश बाई ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अमर और जयदीप बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मल्हारगढ निवासी श्रीबाई पाल महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कुन्तीबाई पाल और कल्लू पाल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत दिल्ली दरवाजा चंदेरी निवासी भूमि साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से प्रशांत, सतीश और किरण साहू ने दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ति किया। जिस पर से पुलिस ने ससुराल पक्ष पर मामला दर्ज किया है।

### साढ़े 4 साल के बालक की तालाब के पानी में डूबने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत मेला ग्राउंड के पास पानी से भरे तालाब में रितिक पुत्र अनिल आदिवासी उम्र साढे चार वर्ष निवासी बांद्री की पानी में डूबने से मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### अवैध शराब के दो मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के दो मामले दर्ज किए हैं। जिसमें जिले की कदवाया थाने की पुलिस ने ग्राम मन्हेटी निवासी देवेन्द्र यादव से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। जिले की मुंगावली पुलिस ने ग्राम खजूरिया निवासी कोमल दांगी से 8 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

### राज्य केंद्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल संबंधी प्रशिक्षण आयोजित

**अशोकनगर।** संचालक पेंशन भविष्य निधि एवं बीमा भोपाल द्वारा दिये गये नियम-निर्देशों के क्रम में कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में जिला पेंशन कार्यालय अशोकनगर द्वारा मंगलवार को ई-दक्ष केन्द्र में जिले के समस्त आहरण संवितरण अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में राज्य केन्द्रीयकृत पेंशन प्रोसेसिंग सेल द्वारा पेंशन प्रकरणों के निराकरण हेतु अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं, पी.पी. ओ. जारी करने एवं भुगतान संबंधी कार्यवाही के संबंध में नियम-निर्देशों के तहत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण जिला पेंशन अधिकारी रविन्द्र सूर्यवंशी, सहा. पेंशन अधिकारी अशोक राणा, अभिषेक माथुर (सहा. पेंशन अधिकारी) एवं सत्येन्द्र रघुवंशी (सहा. ग्रेड-03) द्वारा प्रदान किया गया।

### ट्रैफिक कंट्रोल के लिए सिग्नल की मांग

**गुना।** शहर की बिगड़ी यातायात व्यवस्था आमजन और वाहन चालकों के लिए बड़ी समस्या है। ऐसे में हनुमान चौराहा की तरह जयस्तंभचौराहा पर भी सिग्नल सिस्टम की मांग उठने लगी है। शायद इससे ट्रैफिक कंट्रोल हो एवं जयस्तंभ चौराहा के आसपास यातायात का दबाव कम हो सके। मंगलवार को राष्ट्रवादी संघ द्वारा जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया है जिसमें मांग करते हुए कि जयस्तंभ चौराहे को सिग्नल युक्त चौराहा बनाने का कार्य किया जाए, पूर्व में जयस्तंभ चौराहे की भांति ही हनुमान चौराहे पर भी भारी यातायात की समस्या हुआ करती थी, वर्तमान में यातायात सिग्नल लगने और चौराहे को व्यवस्थित करने के उपरांत समाप्त हो गई।

## ग्रामीण समस्याओं के निदान के लिए प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी

# 7 दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन ग्रामीण बच्चों व महिलाओं को पुरस्कृत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना




गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस इकाई के 7 दिवसीय विशेष ग्रामीण शिविर का समापन बुधवार को हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम अधिकारी मृणालिनी मिश्रा ने छात्राओं के 7 दिनों के उत्कृष्ट व्यवहार व अनुशासन की सराहना की। समारोह का शुभारंभ स्वागत गीत और मां सरस्वती की वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि अनुविभागीय अधिकारी विजय डेहरिया ने एनएसएस के महत्व को बताते हुए ग्रामीण समस्याओं के निदान के लिए प्रयासरत रहने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष सोनाली जितेंद्र राय ने ग्राम्य जीवन के अनुभव को आवश्यक बताया, वहीं कॉलेज प्राचार्य एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं डॉ. रश्मि जैन ने एनएसएस को सेवा व समर्पण का चैतन्य स्वरूप कहा।

शिविर निर्देशक डॉ. उमा लवानिया ने समाज सेवा को व्यक्तित्व विकास का मुख्य आधार बताया। इस दौरान शिवकुमार चौबे ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनका मार्गदर्शन किया। वहीं राजेंद्र उपाध्याय ने सभी को प्रकृति से जुड़कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। समारोह में सर्वश्रेष्ठ छात्रा रिमिशा खान और ईशा रजक सहित ग्रामीण बच्चों व महिलाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। शिविर सहयोगी डॉ. निशि भदौरिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए शिविर की सीख को निरंतर बनाए रखने की बात कही तथा 7 दिनों तक अभूतपूर्व सहयोग देने के लिए महेंद्र भैया एवं उनके समस्त परिवार को विशेष धन्यवाद प्रेषित किया गया। शिविर में विशेष सहयोगी विकास ठाकुर, विनोद रजक, पूजा रजक सहित कॉलेज परिवार उपस्थित रहा।

### आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मंगल दिवस पर गतिविधियों का आयोजन

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास के अंतर्गत मंगल दिवस का आयोजन चतुर्थ मंगल दिवस बाल चैपाल अन्तर्गत प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिले में अशोकनगर शहर में वार्ड 22 केंद्र 75, वार्ड 11 केंद्र 20 अशोकनगर ग्रामीण में सेक्टर नारायणपुर में केंद्र कोलुआ, सेक्टर सेमराहट में गता सोनेरा शाढौरा सेक्टर में सेमरी लोहाबाद,रातीखेड़ा सेक्टर अंतर्गत शंकरपुर अशोकनगर सेक्टर में टकनेरी ईसागढ़ में कदवाया, महिदपुर, मनहेटी, रावसर,चंदेरी के बाकलपुर, डोंगर आंगनबाड़ी केंद्रों पर बाल चैपाल का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के शारीरिक मानसिक व बौद्धिक विकास को केंद्रित कर गतिविधियों का आयोजन किया गया। छोटे समूह बड़े समूह की गतिविधि, बच्चों के माता-

## धमाके की आवाज को सुनकर लोग घर से बाहर आए

# शॉर्ट सर्किट से केबल में आग चिंगारी के साथ निकली लपटें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



गुलौआ रोड स्थित गुप्ता गार्डन में मंगलवार दोपहर बिजली के खंभे में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। बिजली की लाइन से तेज चिंगारी एवं आग की लपटे देख लोग दहशत में आ गए। साथ ही धमाके की आवाज को सुनकर आसपास में रहने वाले लोग कुछ ही पलों में अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। आग से जली केबिल एक घर के बाहर नीचे गिर गई। गनीमत रही कि इस घटना में लोग बाल-बाल बच गए। इस घटना से बिजली की सप्लाई बंद हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया बिजली के खंभे से धमाके की जोरदार आवाज सुनाई दी। देखा तो खंभे कि केबिल में भीषण आग लगी हुई थी और उसमें से आग की लपटें निकल रही थी। कुछ ही पलों में आग ने भीषण रूप ले लिया और आग से जली केबिल घर के बाहर गिर गई। यह तो अच्छा रहा कि उस समय मौके पर कोई मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ी घटना हो सकती थी। घटना की जानकारी लगते ही बिजली विभाग बिजली विभाग ने लाइन को बंद कर दिया। आग की घटना से लोगो के घरों में तो कोई नुकसान नहीं हुआ लेकिन बिजली बंद हो गई। बिजली बंद होने से रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं। जिसके कारण लोग परेशान हो रहे

## युवक पिछले कई दिनों से बीमारी से था परेशान

# बाइक से आए युवक ने ट्रक के सामने लेटकर जान दी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिला मुख्यालय पर स्थानीय विजयाराजे सिंधिया चैराहे के समीप एक युवक ने ट्रक के आगे लेटकर अपनी जान दे दी। इस घटना में बताया गया है कि युवक बीमारी से परेशान था तथा अपने परिवार जनों के साथ बाईक से जा रहा था, तभी चैराहे पर सामने से आ रहे एक ट्रक को देखकर बाईक से उतरा और ट्रक के सामने लेट गया, पुलिस ने ट्रक को जप्त किया है।

घटना के बारे में बताया गया है कि ग्राम खिरिया देवत थाना ईसागढ निवासी कन्हैयाराम पुत्र हरीसिंह कुशवाह उम्र 45 साल पिछले कईं दिनों से पेट की बीमारी से परेशान था। जब डॉक्टर ने उसे सोनोग्राफी कराने की सलाह दी तब कन्हैयाराम इलाज न कराकर घर जाने की जिद पर अड़ा था, लेकिन उनका पुत्र और रिश्तेदार उन्हें बाईक पर बिठाकर घर ले जा रहे थे, जब उनकी बाईक चैराहे से गुजर रही थी उसी समय एक ट्रक आ रहा था, ट्रक को निकलने के इंतजार में जैसे ही उन्होंने बाईक खडी की इसी दौरान अचानक कन्हैयाराम बाईक से उतरा और ट्रक के आगे लेट गया। इस घटना में ट्रक का पहिया उनके ऊपर से निकल गया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ट्रक को अपने साथ कोतवाली परिसर ले गई। ट्रक का नंबर डीडी 03जी 9524 है।

जब पुलिस इस ट्रक को अपने साथ लेकर कोतवाली जा रही थी,ट्रक में ऊपर तक रबर के गोल गोल पाइप नुमा सामान भरा हुआ था। सिटी कोतवाली के मैन द्वार से ट्रक को परिसर में ले जाते समय ट्रक ने कोतवाली के मैन गेट में टक्कर मार दी, इस घटना में कोतवाली का मैन गेट नीचे आ गिरा। जिसके कारण कोतवाली और एसडीओपी कार्यालय तक जाने वाले बड़े वाहन आ जा नही सके।




### विधिक जागरूकता शिविर-बच्चों को मिले उनके अधिकार

**अशोकनगर।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में सचिव मनीष अनुरागी के निर्देशानुसार एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा एवं लीगल एड डिफेंस काउंसल डिप्टी विष्णु नारायण विरथरे की उपस्थिति में मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय मारूप जिला अशोकनगर में नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा) योजना, 2015 अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवा) योजना, 2015 के तहत आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य नन्हे-मुन्ने बच्चों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। कक्षा 01 से 05 तक के विद्यार्थियों को सरल और सहज भाषा में उनके बुनियादी अधिकारों, जैसे शिक्षा का अधिकार, सुरक्षा का अधिकार और शोषण से बचाव का अधिकार, के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों को विभिन्न सरकारी योजनाओं, जो उनके कल्याण और भविष्य के लिए बनी हैं, के बारे में भी बताया गया। यह पहल बच्चों में बचपन से ही कानूनी साक्षरता को बढ़ावा देने और उन्हें एक सुरक्षित व सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। साथ ही निःशुल्क विधिक सहायता, विधिक सलाह, बाल विवाह निषेध, नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100, लीगल एड डिफेंस काउंसल योजना, 14 मार्च 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में जानकारी दी गई।

# जनसुनवाई में 96 आवेदक ही अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे



**अशोकनगर।** मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुनकर निराकरण के निर्देश मौके पर उपस्थित जिला अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में 96 आवेदन प्राप्त हुए।

**आवेदकों को मौके पर ही दिलाई नक्शे की नकल** जनसुनवाई में कलेक्टर को ग्राम भातपुर निवासी आवेदक गुलजारीलाल द्वारा आवेदन देते हुए नक्शे की नकल दिलाये जाने की गुहार लगाई। आवेदक के आवेदन पर त्वरित संज्ञान लेते हुए मौके पर ही आवेदक को नक्शे की नकल दिलाई गई। जनसुनवाई में ग्राम बामोरी निवासी रमेश लोधी द्वारा भूमि पर से कब्जा हटवाये जाने,पिपरई निवासी बैनी प्रसाद ओझा द्वारा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किये जाने,ग्राम पिपरेसरा निवासी लल्लू प्रजापति द्वारा भट्टा एवं मटका बनाने हेतु भूमि आरक्षित कराये जाने,ग्राम गोपालपुर निवासी कन्हैयाराम द्वारा बैंक से लोन दिलाये जाने,अशोकनगर निवासी श्रीराम विश्वकर्मा द्वारा भूमि का पट्टा दिलाये जाने,ग्राम झीला निवासी कृष्णाबाई अहिरवार द्वारा समग्र आईडी में नाम जोडे एवं राशन दिलाये जाने,शाढौरा निवासी रामवीर रघुवंशी द्वारा अतिक्रमण हटवाये जाने,ग्राम धुर्रा निवासी देवेन्द्र केवट द्वारा पुत्र की मृत्यु पर आर्थिक सहायता रशि दिलाये जाने,ग्राम टकनेरी निवासी रामकुंवर अहिरवार द्वारा पति की मृत्यु पर आर्थिक सहायता राशि दिलाये जाने, ग्राम गढला निवासी रतिराम कुशवाह द्वारा बी.पी.एल कार्ड बनवाये जाने,पिपरई निवासी सुग्रीव राय द्वारा भूमि की जांच कराये जाने संबंधी समस्यामूलक आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों के निराकरण समय सीमा में किये जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को मौके पर दिए।

### सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाईजर भर्ती कैंप का आयोजन

**अशोकनगर।** भारतीय सुरक्षा दस्ता परिषद नई दिल्ली व जिला रोजगार कार्यालय अशोकनगर के सहयोग से एंव एन.डी.आर.ए. के तहत भारत सरकार पसारा एक्त 2005 के तहत एस.आई.एस. के संयुक्त तत्वाधान में अशोकनगर जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु भर्ती कैंप का आयोजन किया जा रहा है। सिक्योरिटी स्किल काउंसलिंग इण्डिया लिमिटेड जयपुर द्वारा 25 फरवरी 2026 को ग्रामीण आजीविका भवन जनपद पंचायत अशोकनगर, 26 फरवरी 2026 को जनपद पंचायत हायर सेकेण्डरी स्कूल शाढ़ौरा, 27 फरवरी 2026 को शासकीय महाविद्यालय मुगांवली में प्रात 11.बजे से दोपहर 03 बजे तक भर्ती कैंप शिविर का आयोजन किया गया है।

## कोषालयीन में प्रस्तुत देयक एवं एस.एन.ए. स्पर्श देयकों संबंधी प्रशिक्षण आयोजित



**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशानुसार एवं जिला कोषालय अधिकारी रवीन्द्र सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आईएफएमआईएस केयर थीम के अंतर्गत कोषालय के ऑब्जेक्शन मैनेजमेंट विषय पर प्रशिक्षण ई-दक्ष केन्द्र कलेक्ट्रेट अशोकनगर में दिया गया। प्रशिक्षण में म.प्र.कोषालय संहिता एवं वित्तीय संहिता के नियम/निर्देशानुसार देयक तैयार करने व कोषालय में प्रस्तुत करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। जिससे बार-बार देयकों में आपत्ति की स्थिति निर्मित न हो। एसएनए स्पर्श केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए एक पारदर्शी डिजिटल प्रणाली है। एसएनए स्पर्श के देयकों को आईएफएमआईएस साफ्टवेयर में नियमानुसार तैयार करने व भुगतान हेतु प्रेषित करने संबंधी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में कर्मचारियों के टीए बिल,मेडिकल बिल,ऑनलाईन सिस्टम में एप्लाई करने के बाद सभी आवश्यक दस्तावेज संलग्न उपरांत कोषालय को भेजे जाने के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में समग्र आईडी मेपिंग,ई-साईन,सेवानिवृत्त पूर्व ईएसएस अपडेट संबंधी प्रशिक्षण दिया। सहायक कोषालय अधिकारी अशोक राणा ने बताया कि समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी नियमानुसार ही देयक प्रस्तुत करें। ई-पेमेंट फेल होने पर एक माह के अंदर पुनरूदेयक कोषालय में प्रस्तुत करें। प्रशिक्षण में सत्येन्द्र रघुवंशी सहा. ग्रेड-03 द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई।

# पटवारी संघ ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मंगलवार को जिला पटवारी संघ ने पटवारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा है और निराकरण की मांग की गई है। यह ज्ञापन पटवारी जिला संघ के अध्यक्ष निर्मल रघुवंशी के नेतृत्व में सौंपा गया।

पटवारी संघ द्वारा दिये गये ज्ञापन अनुसार अप्रैल 2025 को जिले के समस्त पटवारियों का वेतन कलेक्टर द्वारा रोका गया जुलाई 2025 को समीक्षा कर जिले के समस्त पटवारियों का वेतन माह की अंतिम तारीख को रोका गया। माह अगस्त 2025 का समस्त पटवारियों का वेतन आदेश दिनांक 27/08/2025 को माह के अंत में आगामी आदेश तक रोका गया, माह सितम्बर 2025 का मात्र पटवारियों का नवनियुक्त पटवारी साथियों को नियुक्ति पत्र वितरण के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री द्वारा यह घोषणा की गई थी कि नव नियुक्त पटवारियों को नियुक्ति दिनांक से ही 100 प्रतिशत वेतन दिया जायेंगा। परन्तु शासन द्वारा यह आदेश आज दिनांक तक लंबित है।

वर्तमान में उच्च न्यायालय जबलपुर से मध्यप्रदेश के शासकीय कर्मचारियों के हित में यह आदेश पारित किया गया है कि जो पटवारी साथी 70,80,90 प्रतिशत वेतन के दायरे में आ रहे है, उन्हें 100 प्रतिशत वेतन दिया जाऐं और शेष राशि का एरिअर जल्द दिया जाएं ।

पी.एम. किसान/सी.एम.किसान उक्त योजनाओं में पटवारी स्तर से वर्तमान में कोई भी कार्य नहीं किया जाता है और न ही उक्त का स्टेटस पटवारी देख सकता है ऐसी स्थिति में सी. एम. हेल्पलाइन से मानसिक एवं अन्य समीक्षाओं से पृथक किया जाऐं ताकि पटवारियों पर होने वाला मानसिक दबाव कम हो सकें ।

मानदेयों का भुगतान डिजिटल युग में जब सभी पटवारियों काद समस्त वेतन संबंधित रिकार्ड ऑनलाईन उपलब्ध है तो स्वामित्व योजना, कृषि संगणना, लघु सिंचाई संगणना, फार्मर आई.डी. के कैम्पों का लंबित मानदेय का भुगतान जल्द किया जाऐं। और ऑनलाईन समस्त कार्यों के लिए मोबाईल फोन की राशि भी जल्द दी जाएं ।

### डीईओ द्वारा किया गया बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

**अशोकनगर।** जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया द्वारा मंगलवार को जिले में संचालित हाईस्कूल परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र गणित का निरीक्षण किया गया। उन्होंने परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राणपुर, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदेरी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदेरी, सरस्वती विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल चंदेरी, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंदेरी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिपरई, महावीर हायर सेकेंडरी स्कूल पिपरई (मुंगावली) पहुंचकर किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रो पर मूलभूत सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं सही पाई गई और परीक्षा विधिवत शांतिपूर्ण ढंग से संचालित पाई गई, किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई नकल प्रकरण नहीं बना।

## जन समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए

# नगरपालिका अध्यक्ष ने विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



नगर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और आमजन को मिल रही सुविधाओं का जायजा लेने के लिए नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने नगरपालिका कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय के विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली को देखा और वहां मौजूद नागरिकों से सीधे संवाद किया।

**हितग्राहियों से सीधा संवाद** निरीक्षण के दौरान अध्यक्ष मनोरिया ने कार्यालय में खड़े हितग्राहियों के पास जाकर उनसे आत्मीयता से बात की। उन्होंने पूछा कि वह किस कार्य के लिए आए हैं और उन्हें वहां कितनी देर से प्रतीक्षा करनी पड़ रही है। हितग्राहियों की समस्याओं को सुनने के बाद उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों को तलब किया।

**अधिकारियों को सख्त निर्देशः** नगरपालिका अध्यक्ष ने अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि त्वरित निराकरण किया जाए, जो भी हितग्राही या नागरिक अपनी समस्या लेकर आता है, उसका संभव हो तो तुरंत मौके पर ही निराकरण कर उसे संतुष्ट करके भेजा जाए। संवेदनशीलता आम नागरिकों और हितग्राहियों को अपने काम के लिए अनावश्यक रूप से परेशान न होना पड़े। नगरपालिका कार्यालय से कोई भी नागरिक निराश होकर वापस नहीं जाना चाहिए। नगरपालिका का मुख्य उद्देश्य जनसेवा है। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को बिना किसी देरी और परेशानी के मिले। अध्यक्ष के इस औचक निरीक्षण और सक्रियता से कार्यालय के अमले में हड़कंप देखा गया, वहीं दूसरी ओर अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान की उम्मीद में नागरिकों ने इस पहल की सराहना की है।